ACB Newsletter
Vol. 10,Issue 3-4, July-Dec. 2023

# ACB Newsletter

## Inside this Issue

Activities At a Glance

Guest Lecture at a Spree

Sports Achievements

## From the Desk of Editor-in-Chief

Warm greetings to all the readers from the Editorial Board. The Third and fourth quarter of the year 2023 was full of myriad activities in academics, co-curricular as well as research and Development area. This issue brings to its readers all the activities and events like Sports, Tree Plantation Independence Day Celebrations and others . The team hopes that this newsletter gives its readers a new experience.

-Editor-in-Chief





08 गुरुग्राम-दिल्ली

**अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने मनाया 'एक तिरंगा–एक पौधा' कार्यक्रम**

अग्रवाल महाविद्यालय में आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब, सतत विकास व स्वच्छता सेनानी इकाइयों द्वारा एक अनोखे कार्यक्रम "एक तिरंगा, एक पौधा" का आयोजन किया गया

## Pick of the Issue



अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के निशानेबाज शुभम् बीसला (BA- 2nd Year) ने भारत का नेतृत्व करते हुए चंगवों कोरिया में आयोजित वर्ल्ड जूनियर चौंपियनशिप प्रतियोगिता मे 10 मीटर एयर पिस्टल टीम में रजत पदक तथा इंडिविजुअल में गोल्ड मेडल जीत कर सर्वश्रेष्ठ सूटर का खिताब प्राप्त किया।


**अग्रवाल महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किया गया शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण**



**Educational and Industrial Visit**




**अग्रवाल कॉलेज में मनाया पुस्तकालय दिवस**

बल्लभगढ़, 12 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। शनिवार को अग्रवाल कॉलेज में पुस्तकालय दिवस मनाया गया। गौरतलब है कि संपूर्ण राष्ट्र आज फादर ऑफ लाइब्रेरी साइंस पद्मश्री डॉ. एस आर रंगानाथन के जन्मदिवस को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के लर्निंग रिसोर्स सेंटर में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जिसमें देश विदेश के जाने माने साहित्य पुरस्कार विजेता लेखकों की पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। लाइब्रेरियन डॉ. राम चंद ने विद्यार्थियों को लाइब्रेरी में उपलब्ध अखबार, मैगजीन, ग्रंथ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से लाइब्रेरी में उपस्थित होकर साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मैडम कमला टंडन, डॉ. के.एल. कौशिक, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. पूजा सैनी, डॉ. सुप्रिया, सुभाष कैलोरिया मौजूद रहे।

# ACTIVITIES AT A GLANCE

निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक
नेशनल प्रहरी NEWS
-Newspaper -Online Web Portal

होम | ताजा | देश | राज्य | राजनीति | शिक्षा | क्राइम | करियर | फरीदाबाद – एन सी आर
Home › ताजा › अग्रवाल महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा मनाया गया अप्रोक्सीमेशन पाई दिवस
ताजा | बल्लभगढ़ | शिक्षा

## अग्रवाल महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा मनाया गया अप्रोक्सीमेशन पाई दिवस

By Poonam Sagar - July 22, 2023 298 0

## अग्रवाल महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा मनाया गया अप्रोक्सीमेशन पाई दिवस

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आज गणित विभाग द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी की प्रेरणा से अप्रोक्सीमेशन पाई दिवस मनाया गया। पाई एक वृत्त की परिधि और व्यास के बीच के संबंध को दर्शाता है। पाई का मान 22/7 होने के कारण हर साल 22 जुलाई को पाई अप्रोक्सीमेशन दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं गणित विभागाध्यक्ष डॉ. के.एल. कौशिक जी ने पाई का महत्व बताते हुए कहा कि पाई एक पारलौकिक संख्या है जिसका दशमलव प्रतिनिधित्व कभी समाप्त नहीं होता है। इस दिवस पर गणित विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक गतिविधि आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों को पाई दिवस का इतिहास ,महत्वपूर्णता एवं मनोरंजक गतिविधियों पर वीडियो बनाकर दिए हुए लिंक पर प्रेरित करना था

जिसमें अग्रवाल महाविद्यालय की बीकॉम तृतीय वर्ष की साक्षी ने प्रथम स्थान, इंद्रप्रस्थ कॉलेज ऑफ वूमेन दिल्ली यूनिवर्सिटी बीएससी मैथ ऑनर्स द्वितीय की सिमरन शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा हिंदू कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय की बीएससी ऑनर्स जीव विज्ञान की संचिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस कार्यक्रम में डॉ. ममता ठाकुर आयोजन सचिव तथा श्रीमती नेहा गोयल समन्वयक रही। इस अवसर पर गणित विभाग के समस्त प्रवक्ता गण डॉ. गीता त्रिपाठी, श्रीमती रेनू बाला, राजेश, मनीष एवं ललिता उपस्थित रहे।




## अग्रवाल महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा पौधारोपण सप्ताह का शुभारंभ



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** सोमवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा पौधारोपण सप्ताह का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के कुशल दिशा निर्देशन एवं संरक्षण में किया गया। स्वयंसेवकों ने आज महाविद्यालय में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा 24 जुलाई से 29 जुलाई तक पौधारोपण सप्ताह और प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जाएगा जिसकी शुरुआत आज हुई। डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने कहा कि एनएसएस का लक्ष्य गीत ही इस ध्येय को लेकर चलता है कि स्वयं सजें, वसुंधरा सँवार दें, समर्थ बाल वृद्ध और नारियां रहे सदा, हरे भरे वनों की शाल ओढ़ती रहे धरा ! इसी से निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वृक्षों का मानव जीवन में और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में कितना बड़ा योगदान है। प्राचार्य जी ने आगे कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज के सभी वर्ग के लोग अपने घर, गांवों, पंचायतों में पौधरोपण करें और आज इसी क्रम में महाविद्यालय में एनएसएस इकाइयों द्वारा पौधरोपण सप्ताह का आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों को पौधे भी वितरित किए जाएंगे। प्राचार्य डॉ कृष्णकांत ने पर्यावरण संरक्षण के इस नेक काम के लिए स्वयंसेवकों की प्रशंसा की और राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों कार्यक्रम अधिकारी डॉ० शोभना गोयल, डॉ० सुप्रिया ढांडा और डॉ० सीमा मलिक को शुभकामनाएं दी।

2 फरीदाबाद प्रदेश महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी में बना नंबर वन : हरेंद्र भाटी
6 अभिमत प्रकृति से निकटता मानव जीवन के लिये हितकारी
9 देश-विदेश भाजपा और आरएसएस सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं : राहुल
11 फीचर राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य को रेत खनन से बचाएं: एनजीटी
RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023
फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
पायनियर
ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



सात्विक चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची
पेज - 12

## युवा संवाद कार्यक्रम में वाईएमसीए का साहिल प्रथम रहा

### अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मनाया गया युवा संसद कार्यक्रम



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय में आजादी का अमृत काल महोत्सव मनाने की कड़ी में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन व अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र कुमार प्राचार्य कन्या महाविद्यालय फरीदाबाद रहे। मुख्य अतिथि और निर्णायक मंडल का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। इसके पश्चात दीपशिखा प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अंतर महाविद्यालयी कार्यक्रम में पांच मुख्य विषय चुने गए, जिनमें युवाओं को संवाद प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। इन विषयों में विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी या औपनिवेशिक मानसिकता का कोई भी निशान हटा दें, हमारी विरासत पर गर्व करें, एकता और एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना है, मुख्य रहे। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में किरण आनंद, प्रोफेसर दिव्य ज्योति और डॉ. बांके बिहारी ने मुख्य भूमिका निभाई। युवा संवाद कार्यक्रम में 10 से अधिक अलग-अलग महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने हिस्सेदारी दर्ज कराई और एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी ध्यानपूर्वक इस कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा और डॉ. सीमा मलिक की देखरेख में कराया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने प्राचीन शिक्षा नीति इतिहास, गौरव को अपनाने पर बल दिया। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को शुभाशीष दिया और उनकी प्रशंसा की। मुख्य अतिथि ने महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. केएल. कौशिक भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जेसी बोस विधि विश्वविद्यालय के साहिल कौशिक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अग्रवाल महाविद्यालय की सुजाता द्वितीय स्थान पर तथा डीएवी महाविद्यालय से दिव्या तृतीय स्थान पर रही। नेहा कौशिक केएल मेहता महाविद्यालय से और प्रगति पांडे सरस्वती महाविद्यालय को सांत्वना पुरस्कार दिए गए।



# अग्रवाल कॉलेज में मनाया गया एड्स जागरूकता पखवाड़ा

बल्लभगढ़, 18 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज में महाविद्यालय की रेड रिबन इकाइयों के द्वारा गत 12 अगस्त से 20 अगस्त तक एड्स जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें 14 अगस्त को महाविद्यालय के दोनों संभागों में एड्स हेल्पलाइन नंबर डिस्प्ले किया गया। गत 17 अगस्त को छात्रों को एड्स विषय पर डॉक्यूमेंट्री मूवी दिखाई गई। आज दिनांक 18 अगस्त को नशामुक्ति व एड्स जैसे महत्त्वपूर्ण विषय पर पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें लगभग 25 प्रविष्ठियां आईं।




नारा लेखन प्रतियोगिता में बीए इको ऑनर्स द्वितीय वर्ष की वृंदा ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय, बीए इको ऑनर्स प्रथम वर्ष की ललिता ने तृतीय, व इको ऑनर्स तृतीय वर्ष की सरोज ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की राखी ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की ही ज्योति की ने द्वितीय, बीए इको ऑनर्स तृतीय वर्ष की तनु कुमारी ने तृतीय स्थान व बीए इको ऑनर्स द्वितीय वर्ष की सोनी ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता वार्ता का भी आयोजन किया गया जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की बल्लबगढ़ शाखा से आए एड्स के काउंसलर पंकज नागर जी ने सभी को इस लाईलाज बीमारी के कारणों, लक्षणों व बचाव व इस बीमारी से जुड़ी भ्रांतियों से सभी को अवगत कराया व कहा कि जानकारी ही इसका बचाव है, उन्होंने सिविल हस्पतालों में एड्स के टेस्ट ,इलाज के ए आर टी केंद्रों की जानकारी सभी को दी। इन सभी गतिविधियों में महाविद्यालय के लगभग 100 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत जी ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों से कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का लक्ष्य ऐसी जानलेवा बीमारियों के प्रति स्वयंसेवकों को जागरूक करना है क्योंकि जागरूक युवा ही इस तरह की जानलेवा बीमारियों के प्रति समाज को जागरूक कर समाज को बचा सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय रेड रिबन क्लब की समग्र संयोजक डॉ० गीता गुप्ता ने पंकज नागर जी का धन्यवाद किया व सभी को एड्स के लिए हेल्प लाइन नंबर 1097 से सभी को अवगत कराया।

अंत में सभी स्वयंसेवकों ने रैली के माध्यम से भी समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्तागण जैसे श्रीमति कमल टंडन, रेड रिबन क्लब की कोर्डिनेटर डॉ. रेखा सैन, डॉ. त्रिमेश कालरा, लवकेश और डॉ० शिल्पा गोयल, डॉ० उषा चौधरी भी मौजूद रहे।







## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में धीमी साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजन किया गया।

आज दिनांक 24 अगस्त 2023 को अग्रवाल महाविद्यालय के सतत विकास लक्ष्य ‍ैक्ळ) क्लब के द्वारा एक धीमी साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के बास्केटबॉल प्रांगण में

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**ह्यूमन इंडिया**
हम बनेंगे आपकी आवाज
शुक्रवार 25 अगस्त, 2023 वर्ष 11, अंक 234 पृष्ठ 08 मूल्य ₹1.00
Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com 08 माल ढुलाई के लिए अम्बाला में बनेगा नया फ्रेट टर्मिनल : गृह मंत्री

**अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में धीमी साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजन किया गया**



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो
बल्लभगढ़। वीरवार को अग्रवाल महाविद्यालय के सतत विकास लक्ष्य क्लब के द्वारा एक धीमी साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के बास्केटबॉल प्रांगण में किया गया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कृष्णकांत के नेतृत्व में तथा एस डी जी क्लब के संयोजक डॉ. मनोज शुक्ला की अगुवाई में इस आयोजन को दिशा दी गई। आयोजन समिति के समन्वयक डॉ. देवेंद्र तथा श्री सुभाष ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। आज संपन्न हुई इस प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के बास्केटबॉल कोर्ट में किया गया। 20 मीटर की तय दूरी को सर्वाधिक समय में तय कर बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कृतिका की टीम डेल्टा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी श्रेणी में बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र सौरभ की टीम ओमेगा ने द्वितीय तथा विकास की टीम अल्फा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कुल 9 टीमों के 54 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय द्वारा पर्यावरण जागरूकता के लिए चलाए रहे चलाए जा रहे अभियानों के अंतर्गत विद्यार्थियों तथा विद्यार्थियों के माध्यम से समाज को जागरूक करना है ताकि पर्यावरण हितैषी भावना को ध्यान में रखकर हम सभी अधिक से अधिक साइकिल का उपयोग करें, ताकि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से राहत मिल सके। इस तरह के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों का बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना उनकी पर्यावरण के प्रति जागरूकता को प्रदर्शित करता है। इस कार्यक्रम में डॉ. गीता गुप्ता तथा डॉ. नेहा गोयल भी उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे विद्यार्थियों को पर्यावरण समरसता के लिए प्रेरित किया।

किया गया। आयोजन समिति के समन्वयक डॉ. देवेंद्र तथा श्री सुभाष ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। आज संपन्न हुई इस प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के बास्केटबॉल कोर्ट में किया गया। 20 मीटर की तय दूरी को सर्वाधिक समय में तय कर बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कृतिका की टीम डेल्टा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी श्रेणी में बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र सौरभ की टीम ओमेगा ने द्वितीय तथा विकास की टीम अल्फा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कुल 9 टीमों के 54 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय द्वारा पर्यावरण जागरूकता के लिए चलाए रहे चलाए जा रहे अभियानों के अंतर्गत विद्यार्थियों तथा विद्यार्थियों के माध्यम से समाज को जागरूक करना है ताकि पर्यावरण हितैषी भावना को ध्यान में रखकर हम सभी अधिक से अधिक साइकिल का उपयोग करें, ताकि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से राहत मिल सके। इस तरह के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों का बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना उनकी पर्यावरण के प्रति जागरूकता को प्रदर्शित करता है। इस कार्यक्रम में डॉ. गीता गुप्ता तथा डॉ. नेहा गोयल भी उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे विद्यार्थियों को पर्यावरण समरसता के लिए प्रेरित किया।



फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे

# अग्रवाल महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किया गया शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण



**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** बुधवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने अपने विधार्थियों के लिए दो शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण करवाए। जिसमें से एक समूह सेक्टर-68, आईएमटी, फरीदाबाद में स्थित बनस डेयरी अमूल गए तथा दूसरा समूह शिव ऑटो इंडस्ट्री, सरूरपुर फरीदाबाद में गए। यह शैक्षिक प्रयास हमारे सम्मानित प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को समग्र शिक्षण अनुभव प्रदान करना था जो सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच के अंतर को पाटता है। बनस डेयरी अमूल के सहयोग से हमारे छात्रों को डेयरी फैक्ट्री की आंतरिक कार्यप्रणाली को देखने का एक उल्लेखनीय अवसर मिला। कारखाने के संचालन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देने के लिए यह दौरा विशेष रूप से आयोजित किया गया था। पैकेजिंग और डिस्पैच विभाग से श्री यश और बिक्री और वितरण के प्रभारी श्री संदीप ने उदारतापूर्वक अपनी विशेषज्ञता सांझा करते हुए विभिन्न विभागों में छात्रों का नेतृत्व किया।

फैक्ट्री दूध, दही, पनीर और मिठाइयाँ बनाने में माहिर है और छात्रों ने उत्साहपूर्वक अधिकारियों के साथ बातचीत की और व्यावहारिक प्रश्न पूछे। इस दौरे में प्रसंस्करण इकाई, पैकिंग इकाई और दूध परीक्षण प्रयोगशाला को शामिल किया गया, जहां सावधानीपूर्वक गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाएं होती हैं।

छात्रों को नियंत्रण कक्ष के प्रदर्शन से स्पष्ट रूप से नियोजित केंद्रीय और स्वचालित प्रौद्योगिकियों का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त हुआ। दिन की गतिविधियों में दो वृत्तचित्रों की स्क्रीनिंग भी शामिल थी, जो बनस डेयरी और अमूल फैक्ट्री की सफलता की कहानी को स्पष्ट रूप से चित्रित करते थे। एक विचारशील भाव के रूप में, छात्रों को हल्के जलपान के दौरान अमूल कूल दूध और रबड़ी खिलाई गई। इस यात्रा में बी.कॉम और बी.वोक रिटेल मैनेजमेंट विषयों के 50 छात्र उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व छात्र समन्वयकों की एक सक्षम टीम ने किया, जिसमें खुशी (बी.कॉम द्वितीय वर्ष), प्रीति (बी.कॉम अंतिम वर्ष), सोनिया (बी.वोक रिटेल मैनेजमेंट फाइनल ईयर), और सपना (बी.वोक रिटेल मैनेजमेंट द्वितीय वर्ष) शामिल थीं। जिन्होंने उत्कृष्ट समन्वय और नेतृत्व का प्रदर्शन किया। इस उल्लेखनीय औद्योगिक यात्रा का संचालन वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. डिंपल और खुदरा प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. पूनम रौतेला द्वारा किया गया था।

कॉलेज के सेल्फ-फाइनेंस विंग-II से बी.कॉम (ऑनर्स), बीबीए और बीसीए के 45 छात्रों के दूसरे समूह ने तीन संकाय सदस्यों डॉ. सीमा मलिक, सुश्री डॉली मंगला और सुश्री रितु के साथ शिव ऑटो इंडस्ट्रीज, सरूरपुर का दौरा किया। यह दूसरी औद्योगिक यात्रा महाविद्यालय के प्रभारी विंग-II डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के संरक्षण में आयोजित की गई। श्री बी.एस. सैनी ने विनिर्माण प्रक्रिया और विनिर्माण में उपयोग की जाने वाली विभिन्न एआई-आधारित मशीनों का समन्वय और व्याख्या की। इस औद्योगिक दौरे ने छात्रों को उद्यमशीलता के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों को मोटर वाहन व्यवसाय की सभी प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।




दिल्ली-आसपास

आज समाज | 03
नई दिल्ली, गुरुवार, 24 अगस्त 2023

# अग्रवाल महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण

आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने अपने विधार्थियों के लिए दो शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण करवाए। जिसमें से एक समूह सेक्टर-68, आईएमटी, फरीदाबाद में स्थित बनस डेयरी अमूल गए तथा दूसरा समूह शिव ऑटो इंडस्ट्री, सरूरपुर फरीदाबाद में गए। यह शैक्षिक प्रयास हमारे सम्मानित प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था।

इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को समग्र शिक्षण अनुभव प्रदान करना था जो सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच के अंतर को पाटता है। बनस डेयरी अमूल के सहयोग से हमारे छात्रों को डेयरी फैक्ट्री की आंतरिक कार्यप्रणाली को देखने का एक उल्लेखनीय अवसर मिला। कारखाने के संचालन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देने के लिए यह दौरा विशेष रूप से आयोजित किया गया था। पैकेजिंग और डिस्पैच विभाग से श्री यश और बिक्री और वितरण के प्रभारी श्री संदीप ने उदारतापूर्वक अपनी विशेषज्ञता सांझा करते हुए विभिन्न विभागों में छात्रों का नेतृत्व किया। फैक्ट्री दूध, दही, पनीर और मिठाइयां बनाने में माहिर है और छात्रों ने उत्साहपूर्वक अधिकारियों के साथ बातचीत की और व्यावहारिक प्रश्न पूछे। इस दौरे में प्रसंस्करण इकाई, पैकिंग इकाई और दूध परीक्षण प्रयोगशाला को शामिल किया गया, जहां सावधानीपूर्वक गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाएं होती हैं।



शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण के दौरान जानकारी देते हुए। आज समाज

छात्रों को नियंत्रण कक्ष के प्रदर्शन से स्पष्ट रूप से नियोजित केंद्रीय और स्वचालित प्रौद्योगिकियों का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त हुआ। दिन की गतिविधियों में दो वृत्तचित्रों की स्क्रीनिंग भी शामिल थी, जो बनस डेयरी और अमूल फैक्ट्री की सफलता की कहानी को स्पष्ट रूप से चित्रित करते थे। एक विचारशील भाव के रूप में, छात्रों को हल्के जलपान के दौरान अमूल कूल दूध और रबड़ी खिलाई गई। इस यात्रा में बी.कॉम और बी.वोक रिटेल मैनेजमेंट विषयों के 50 छात्र उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का नेतृत्व छात्र समन्वयकों की एक सक्षम टीम ने किया, जिसमें खुशी (बी.कॉम द्वितीय वर्ष), प्रीति (बी.कॉम अंतिम वर्ष), सोनिया (बी.वोक रिटेल मैनेजमेंट फाइनल ईयर), और सपना (बी.वोक रिटेल मैनेजमेंट द्वितीय वर्ष) शामिल थीं। जिन्होंने उत्कृष्ट समन्वय और नेतृत्व का प्रदर्शन किया। इस उल्लेखनीय औद्योगिक यात्रा का संचालन वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. डिंपल और खुदरा प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. पूनम रौतेला द्वारा किया गया था।

कॉलेज के सेल्फ-फाइनेंस विंग से बी.कॉम (ऑनर्स), बीबीए और बीसीए के 45 छात्रों के दूसरे समूह ने तीन संकाय सदस्यों डॉ. सीमा मलिक, डॉली मंगला और रितु के साथ शिव ऑटो इंडस्ट्रीज, सरूरपुर का दौरा किया। यह दूसरी औद्योगिक यात्रा महाविद्यालय के प्रभारी विंग- डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के संरक्षण में आयोजित की गई। बीएस. सैनी ने विनिर्माण प्रक्रिया और विनिर्माण में उपयोग की जाने वाली विभिन्न एआई-आधारित मशीनों का समन्वय और व्याख्या की। इस औद्योगिक दौरे ने छात्रों को उद्यमशीलता के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों को मोटर वाहन व्यवसाय की सभी प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक
नेशनल प्रहरी NEWS
-Newspaper -Online Web Portal

होम | ताज़ा | देश | राज्य | राजनीति | शिक्षा | क्राइम | करियर | फरीदाबाद - एन सी आर

Home › ताज़ा › अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मनाया गया विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस

ताज़ा | फरीदाबाद | बल्लभगढ़ | शिक्षा

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मनाया गया विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस

By Poonam Sagar - September 9, 2023 287 0

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मनाया गया विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस



**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** शनिवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा शाखा चंडीगढ़ के दिशानिर्देशन से अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता की सद्प्रेरणा से, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत के कुशल मार्गदर्शन में यूथ रेडक्रॉस व सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड इकाईयों ने विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस मनाया जिसकी थीम थी फर्स्ट ऐड इन डिजिटल वर्ल्ड द्य इस अवसर पर प्राथमिक चिकित्सा विषय पर एक वार्ता का अयोजन किया गया, जिसमें जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद शाखा से आए रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य व प्राथमिक चिकित्सा के प्रशिक्षक मुख्य वक्ता दर्शन भाटिया ने अपने वक्तव्य में किसी भी व्यक्ति जो दुर्घटनाग्रस्त हो, जिसे सांप, बिच्छू या किसी जहरीले जीव ने काट लिया हो, जल गया हो या हड्डियों के टूटने पर अस्पताल पहुंचने से पहले जो उपचार दिया जाता है उसकी जानकारी दी जिससे अधिकतर लोगों की जान बचाई जा सके, अगर ऐसा नहीं किया जाए तो घायल की जान जा सकती है।

श्री भाटिया ने स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा के सिद्धांत जैसे सांस की जांच करके सीपीआर देने के नियमों व मूल दवाइयों की महत्वपूर्ण जानकारी से सभी को अवगत कराया द्य महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस के समग्र कोऑर्डिनेटर डॉ० जयपाल सिंह जी ने स्वागत भाषण दिया व स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राथमिक चिकित्सा एक दैविक कार्य है क्योंकि इससे हम किसी के जीवन को बचाते हैं और किसी परिवार को टूटने से बचाते हैं द्य इस अवसर पर स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा का महत्व समझाने के लिए एक वीडियो भी दिखाई गई।

इस प्रकार के आयोजनों के पीछे प्राचार्य जी का लक्ष्य यह है कि प्राचार्य जी चाहते हैं कि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी रुचि लें, और समाज के उत्थान में अपना योगदान दें द्य इस शानदार आयोजन के लिए महाविद्यालय प्राचार्य जी ने यूथ रेड क्रॉस व सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड की समस्त टीम को बधाई दी द्य गौरतलब है कि इस वार्ता से महाविद्यालय के लगभग 115 स्वयंसेवक लाभानवित हुए द्य समापन सत्र में यूथ रैडक्रॉस काउंसलर सुभाष कैलोरिया ने सभी का धन्यवाद कियाद्य इस अवसर महाविद्यालय रैड क्रॉस की काउंसलर पूजा व श्री लवकेश उपस्थित रहे।

सत्यजय टाईम्स
हिंदी दैनिक

संक्षिप्त समाचार

# 'से नो टू नारकोटिक्स' विषय पर नशा विरोधी जागरूकता फिल्म की गई प्रदर्शित

फरीदाबाद, 21 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। सोमवार को अग्रवाल कॉलेज में 'से नो टू नारकोटिक्स' विषय पर नशा विरोधी जागरूकता फिल्म प्रदर्शित की गई। इसका आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत



गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में यूथ रेड क्रॉस और रेड रिबन क्लब द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वाईआरसी संयोजक डॉ. जय पाल सिंह ने सभी छात्रों का स्वागत किया और इस फिल्म की स्क्रीनिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस फिल्म की स्क्रीनिंग का उद्देश्य हरियाणा के विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के खिलाफ जागरूक करना है।

फिल्म नशीली दवाओं से दूर रहने का संदेश देती है क्योंकि युवाओं में नशीली दवाओं और शराब का उपयोग सीधे तौर पर हिंसा, आत्महत्या, शैक्षणिक विफलता और अन्य उच्च जोखिम वाले व्यवहारों से संबंधित है। कार्यक्रम का समापन आरआरसी की संयोजक डॉ. गीता गुप्ता के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ और डॉ. रेखा सैन (आरआरसी सदस्य) और सुश्री पूजा (वाईआरसी काउंसलर) द्वारा सफलतापूर्वक समन्वयित किया गया।

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के वाईआरसी और आरआरसी युवाओं में जागरूकता फैलाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं ताकि वे समाज और देश के विकास और कल्याण में योगदान दे सकें। इसमें 75 स्वयंसेवक उपस्थित होकर लाभान्वित हुए।

## सुदेशना का महाविद्यालय में किया स्वागत



छात्रा का स्वागत करते हुए।

बल्लभगढ़। डॉ. शांति स्वरूप भटनागर की जयंती के उपलक्ष्य में विज्ञानभारती हरियाणा और राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की विज्ञान संकाय की छात्रा सुदेशना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता की सत्प्रेरणा से महाविद्यालय के अनेकानेक विद्यार्थियों को महाविद्यालय के अतिरिक्त बाहर भी अन्य प्रतियोगिता में भागीदारिता के अनेकानेक अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस उपलब्धि पर उन्होंने कुमारी सुदेशना को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विंग-1 के प्रभारी डॉ संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में कुमारी सुदेशना ने प्रतियोगिता में यह स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय को ऐसे विद्यार्थियों पर नाज है।




08
आज समाज
राष्ट्रीय संस्करण
www.aajsamaaj.com

## सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका सपना को किया सम्मानित

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की छात्रा सपना को को राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार 2020– 21 के लिए आनंद मोहन शरण (अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्चतर शिक्षा हरियाणा) और मीनाक्षी राज (अतिरिक्त निदेशक, उच्चतर शिक्षा हरियाणा) द्वारा प्रदान किया गया। सपना ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना में तन्मयता से कार्य करना अपने घर से सीखा जहां उसकी बड़ी बहन भी राष्ट्रीय सेवा योजना में बढ़–चढकर भाग लेती थी। तत्पश्चात सामाजिक कार्यों के प्रति उसकी जागरुकता बढ़ती गई और सपना ने महाविद्यालय स्तर पर और महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक की ओर से लगाए जा रहे अनेकानेक शिविरों में भाग लिया। इन शिविरों में सपना ने कार्य करते हुए सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लिया और विभिन्न ईनाम जीतें।




## *Industrial visit by Department of mathematics of Aggarwal College Ballabgarh*

Manish Kumar
info@impressivetimes.com




**BALLABGARH:** Today, on 27th September 2023, the Department of Mathematics of Aggarwal College Ballabgarh organized educational and industrial visit for the students of B.sc (Hons) Maths and M.sc (Mathematics). This effort was organized under the guidance of our respected Principal Sir Dr. Krishan Kant Gupta ji. The students went to BEMAX FORGE Pvt. Ltd. and R.S. Industries Sector-24, Faridabad. Dr. K.L. Kaushik, HOD Mathematics told that the purpose of this tour is to provide information to the students about the real working environment, workplace and machines. Our students got the opportunity to see the inner workings of both the industries. The students enthusiastically interacted with the company officials and asked many practical questions. 60 students were present in this Industrial visit. Mrs. Neha Goel, Dr. Geeta Tripathi, Dr. Renu Bala and Ms. Poonam Gupta accompanied the students in this industrial tour.

**OUR STUDENTS GOT THE OPPORTUNITY TO SEE THE INNER WORKINGS OF BOTH THE INDUSTRIES. THE STUDENTS ENTHUSIASTICALLY INTERACTED WITH THE COMPANY OFFICIALS AND ASKED MANY PRACTICAL QUESTIONS. 60 STUDENTS WERE PRESENT IN THIS INDUSTRIAL VISIT**




## जी–20 विषय पर स्लोगन लेखन और प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन

बल्लभगढ़, 08 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल



कॉलेज में एनसीसी के अंतर्गत जी–20 विषय पर स्लोगन लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस मौके पर प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता भी उपस्थित थे। डॉ. देवेंद्र गहलोत ने कैडेट के समक्ष जी–20 विषय पर अपने विचार रखते हुए बताया कि- जी–20 को ग्रुप ऑफ ट्वेंटी कहा जाता है। इस समूह के 19 देश सदस्य हैं, ग्रुप का 20वां सदस्य यूरोपीय संघ है' जी–20 समिट का आयोजन साल में एक बार होता है, हालांकि 2008 से शुरुआत के बाद 2009 और 2010 साल में जी–20 समिट का आयोजन दो-दो बार किया गया था। इस सम्मेलन में ग्रुप के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष को बुलाया जाता है और कुछ अन्य देशों को भी बुलाया जाता है, इसके बाद सभी देशों के राष्ट्राध्यक्ष बैठकर कई मुद्दों पर चर्चा करते हैं। भारत की अध्यक्षता में इस साल जी–20 सम्मेलन दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित होने जा रहा है। डॉ. पूजा सैनी ने बताया कि जी–20 की बैठक की अध्यक्षता हर साल अलग देश करता है। पिछले साल ये बैठक इंडोनेशिया में हुई थी, उसके बाद इंडोनेशिया ने इस अध्यक्षता को भारत को सौंप दिया, इस साल भारत इस समूह की मेजबानी कर रहा है। भारत की जी–20 की अध्यक्षता ने उसकी वैश्विक नेतृत्व भूमिका में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। अपनी अध्यक्षता का लाभ उठाकर, भारत ऐसे सहयोगात्मक समाधानों को बढ़ावा दे रहा है।



आज समाज

नई दिल्ली, रविवार, 03 सितंबर 2023

www.aajsamaaj.com

खबर एक्सप्रेस

## बीबीए के छात्रों के लिए प्रेरण कार्यक्रम आयोजित

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रबंधन विभाग ने बीबीए प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। अग्रवाल विद्या प्रचारणी सभा के अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता और डॉ. कृष्णकांत गुप्ता, प्राचार्य अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रेरक एवं कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय ऐसे आयोजन करता रहता है। कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंधन विभाग की डीन और एचओडी डॉ. शिल्पा गोयल द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. संजीव गुप्ता, प्रभारी विंग. 1 के औपचारिक स्वागत के साथ हुई। पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन की मदद से छात्रों को संस्थान के विभिन्न विभागों, उनके संबंधित एचओडी, कॉलेज के बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, विभागीय पुस्तकालय छात्र संघों, पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों, क्लबों और छात्र के जीवन में उनके महत्व से परिचित कराया गया। विंग.1 के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता ने अपने संबोधन में नए छात्रों का स्वागत किया और उन्हें अपने समग्र विकास के लिए विभिन्न क्लबों और खेल टीमों में शामिल होने और गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया।



गुरुग्राम
शुक्रवार
22 सितंबर, 2023
वर्ष 11, अंक 262
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# ह्यूमन इंडिया

हम बनेंगे आपकी आवाज



Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com 08 ऑल इंडिया टैंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की 20वीं आमसभा आयोजित

## रसायन विज्ञान के छात्रों ने किए औद्योगिक दौरे




ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। वीरवार को रसायन विज्ञान एम.एससी. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के तथा बी.एससी. रसायन विज्ञान द्वितीय और तृतीय वर्ष के 64 छात्रों का एक समूह ने महाविद्यालय प्राचार्यडॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन में दो संकाय सदस्यों डॉ. प्रियंका कुंडू, श्री चंदर और लैब अटेंडेंट श्री सुशील कुमार के साथ राष्ट्रीय सीमेंट और भवन निर्माण सामग्री परिषद (एनसीसीबीएम), बल्लभगढ़ का दौरा किया। रसायन विज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रियंका सहरावत ने छात्रों को उनके औद्योगिक दौरे के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। छात्रों ने सेंटर फॉर कंटीन्यूइंग एजुकेशन सर्विसेज (सीसीई), एनसीबी के केंद्र प्रमुख श्रीमती रश्मि गुप्ता के साथ बातचीत की, जिन्होंने छात्रों को सीमेंट उद्योग के बारे में जानकारी दी। उन्हें सीमेंट के विभिन्न रूपों, अंतिम फॉर्म तैयार करने के विभिन्न तरीकों और इसके परीक्षण के विभिन्न तरीकों के बारे में पता चला। उन्होंने अच्छी तरह से सुसज्जित प्रयोगशालाओं का भी दौरा किया और सीएचएनएस विश्लेषक, एक्स-रे फ्लोरोसेंस स्पेक्ट्रोमीटर, प्रोस्कोप, रिबाउंड हैमर इत्यादि जैसे विभिन्न उन्नत उपकरणों को देखा। उन्हंक कुछ अत्यधिक उन्नत उपकरणों का काम भी दिखाया गया और लगातार बढ़ते सीमेंट उद्योगों के लिए तकनीकी प्रतिभा विकसित करने के लिए सीमेंट प्रौद्योगिकीपीजी डिप्लोमा कोर्स के बारे में बताया गया। छात्रों को बहुत अच्छा प्रदर्शन मिला और उन्होंने कई नई चीजें सीखीं। इस दौरे का समापन एनसीबी के निदेशक डॉ. एल.पी. सिंह के साथ छात्रों की बातचीत से हुआ, जिन्होंने एनसीबी में काम करने के अपने अनुभव को साझा किया और छात्रों को इस उद्योग का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया।




## अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण



बल्लभगढ़, 01 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। शुक्रवार को अग्रवाल कॉलेज में बीए तथा बीकॉम विद्यार्थियों के लिए कोकिला मेहंदी प्राइवेट लिमिटेड में शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण करवाए। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य कक्षा में सीखने और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच अंतर को पाटना था।

संकाय सदस्यों डॉ. गीता, डॉ. सारिका, तथा वाणिज्य विभाग डॉ. रेखा सैन और डॉ. डिंपल के साथ 50 छात्रों के समूह का कंपनी की प्रबंधन टीम ने स्वागत किया, जिन्होंने विनिर्माण संचालन, उत्पादों और स्थानीय अर्थव्यवस्था में इसकी भूमिका का अवलोकन प्रदान किया। कंपनी के मालिक बृज भूषण गोयल, श्री एकांश गोयल और श्री ध्रुव गोयल ने छात्रों के साथ बातचीत की और उन्हें विभिन्न उत्पादन इकाइयों का दौरा करने, विनिर्माण प्रक्रियाओं और कार्रवाई में गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को देखने का अवसर प्रदान किया। विद्यार्थियों को वहां निर्मित उत्पादों के गिफ्ट पैक भी उपलब्ध कराये गये। "यह औद्योगिक यात्रा एक अनोखा सीखने का अनुभव था," तीसरे वर्ष की बीए की छात्रा अंजलि ने कहा, जो सीखने और अन्वेषण करने के लिए उत्सुक थी। बी कॉम फाइनल की दिव्या ने कहा, "इससे हमें यह समझने में मदद मिली कि सैद्धांतिक अवधारणाएं वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों में कैसे परिवर्तित होती हैं। जिन मशीनरी और प्रक्रियाओं का हमने अध्ययन किया, उन्हें क्रियान्वित करना वास्तव में व्यावहारिक था।"

इस यात्रा में उद्योग के पेशेवरों के साथ इंटरैक्टिव सत्र भी शामिल थे, जिससे छात्रों को प्रश्न पूछने और विनिर्माण क्षेत्र में कैरियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने की अनुमति मिली। महाविद्यालय का मानना है कि इस तरह के अनुभव छात्रों को उद्योग में उनकी भविष्य की भूमिकाओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण हैं।

औद्योगिक दौरे उन्हें अत्याधुनिक तकनीकों और उद्योग प्रथाओं से परिचित कराते हैं। इस औद्योगिक दौरे ने महाविद्यालय द्वारा शिक्षा और उद्योग को जोड़ने, छात्रों को मूल्यवान ज्ञान और वास्तविक दुनिया के दृष्टिकोण से लैस करने की एक और सफल पहल को चिह्नित किया।

2 नवभारत टाइम्स, फरीदाबाद, शनिवार, 2 सितंबर 2023

## छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में BA और B.COM छात्रों के लिए कोकिला मेहंदी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र औद्योगिक संगठन की कार्य प्रणाली को समझ सकें, इस उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्टाफ सदस्य डॉ. गीता, डॉ. सारिका, डॉ. रेखा सेन व डॉ. डिंपल के साथ 50 छात्रों ने इस भ्रमण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



# चंदावली गांव में चलाया पर्यावरण जागरूकता अभियान



**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ स्थापित एसडीजी (सतत विकास क्लब) द्वारा चंदावली गांव में पर्यावरण की जागरूकता को लेकर भिन्न-भिन्न तरह के अभियान चलाए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा एसजी क्लब के समन्वयक डा. मनोज शुक्ला के निर्देशन में सतत विकास क्लब के कोआर्डिनेटर डॉ. देवेंद्र और सुभाष ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ मिलकर चंदावली गांव में पर्यावरण समरसता को लेकर एक रैली का आयोजन किया। इस रैली के माध्यम से पेड़ लगाने तथा प्रदूषण कम करने का आह्वान भी किया गया। ग्रामीण लोगों से बात कर उन्हें पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव भी उनके समक्ष रखा गया। इसी कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में महाविद्यालय में स्थित सिलाई सेंटर में छात्राओं द्वारा तैयार किए गए कपड़े के बैग गांव में वितरित किए गए, ताकि लोग पर्यावरण के प्रति संवेदित होकर पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगाने लगाने की पहल में हिस्सा लें। इस प्रकार लगभग पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में, गांव चंदावली के अलग-अलग हिस्सों में जाकर महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा सतत विकास क्लब के कोऑर्डिनेटर डॉ. देवेंद्र और सुभाष ने रैली और अपील के माध्यम से गांव चंदावली के ग्रामीणों में पर्यावरण के प्रति एक संवेदना जागृत की।







**बल्लभगढ़ (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह)।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ स्थापित एस डी जी (सतत विकास क्लब) द्वारा चंदावली गांव में पर्यावरण की जागरूकता को लेकर भिन्न-भिन्न तरह के अभियान 13 सितंबर 2023 को चलाए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डा.कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा एसजी क्लब के समन्वयक डा. मनोज शुक्ला के निर्देशन में सतत विकास क्लब के कोआर्डिनेटर डॉ. देवेंद्र और सुभाष ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ मिलकर चंदावली गांव में पर्यावरण समरसता को लेकर एक रैली का आयोजन किया। इस रैली के माध्यम से पेड़ लगाने तथा प्रदूषण कम करने का आह्वान भी किया गया। ग्रामीण लोगों से बात कर उन्हें पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव भी उनके समक्ष रखा गया। इसी कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में महाविद्यालय में स्थित सिलाई सेंटर में छात्राओं द्वारा तैयार किए गए कपड़े के बैग गांव में वितरित किए गए, ताकि लोग पर्यावरण के प्रति संवेदित होकर पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगाने लगाने की पहल में हिस्सा लें। इस प्रकार लगभग पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में, गांव चंदावली के अलग-अलग हिस्सों में जाकर महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा सतत विकास क्लब के कोऑर्डिनेटर डॉ. देवेंद्र और सुभाष ने रैली और अपील के माध्यम से गांव चंदावली के ग्रामीणों में पर्यावरण के प्रति एक संवेदना जागृत की।

## संक्षिप्त समाचार

# विशेष प्रशिक्षण शिविर का संपन्न

**बल्लबगढ़, 12 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा।** अग्रवाल कॉलेज में छात्राओं को कपड़े के कैरी बैग बनाने की कला सिखाने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को संपन्न हुआ। डॉ. कृष्णकांत गुप्ता



ने बताया कि यह शिविर एसडीजी क्लब के बैनर तले 29 अगस्त को शुरू किया गया था। विभिन्न कक्षाओं से 20 छात्रों ने भाग लिया और उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए बदलाव लाने की मानसिकता के साथ सक्रिय रूप से शिविर में भाग लिया। उन्होंने पुराने और इस्तेमाल किए हुए कपड़ों जैसे चादर, पर्दे वगैरह से कपड़े के कैरी बैग बनाना सीखा।

डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने प्रयासों की सराहना की और छात्रों को प्लास्टिक बैग के बजाय कपड़े के कैरी बैग का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि कपड़े के बैग पर्यावरण के लिए गैर विषैले होते हैं और कई बार उपयोग किए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कपड़े के कैरी बैग सूक्ष्मजीवों द्वारा विघटित हो जाते हैं और इसलिए पृथ्वी पर कोई प्रदूषण नहीं होता है। विद्यार्थियों ने कपड़े के कैरीबैग बनाकर अपनी रचनात्मकता और उत्साह दिखाया यह शिविर डॉ. गीता गुप्ता की देखरेख में आयोजित किया गया। समापन समारोह में डॉ. मनोज शुक्ला संयोजक एसडीजी क्लब, डॉ. रेखा सैन भी उपस्थित थे। छात्रों को जागरूक करने के लिए 28 अगस्त 2023 को बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार पर एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।



# सोतई गांव में एक जागरूकता अभियान का किया आयोजन




**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**बल्लबगढ़।** शुक्रवार को उन्नत भारत अभियान, महिला उद्यमी क्लब और एसडीजी क्लब द्वाराएक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. डिंपल और पूजा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के मुख्याध्यापक डॉ अशोक कुमार ने भी अग्रणी भूमिका निभायी। डॉ. डिंपल और पूजा, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग, अग्रवाल कॉलेज, बल्लबगढ़ ने हमारे ग्रह के प्राकृतिक वातावरण में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर संक्षेप में बात करके कार्यक्रम का समापन किया। स्वयंसेवकों ने पर्यावरण की रक्षा करने की आवश्यकता का हवाला दिया और वृक्षारोपण, प्लास्टिक का उपयोग बंद करने, पर्यावरण-अनुकूल वस्तुओं का उपयोग करने आदि जैसे विभिन्न कदमों पर चर्चा की। स्वयंसेवकों द्वारा स्कूली छात्रों को पर्यावरण-अनुकूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम में युवा प्रतिभागियों में काफी उत्साह देखा गया क्योंकि यह उन सभी के लिए एक समृद्ध अनुभव था। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ समय-समय पर समुदायों को स्थायी तरीके से समाज की रक्षा के लिए नवीनतम पहलों के बारे में शिक्षित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। इस कार्यक्रम में स्वयंसेविका चंचल, ईशा, कशिश और बरखा ने भरपूर सहयोग दिया।

# सोतई गांव में जागरूकता अभियान का आयोजन



इंटैरेक्टिव सत्र के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएं।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

बल्लभगढ़, 30 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। शनिवार को उन्नत भारत अभियान, महिला उद्यमी क्लब और एसडीजी क्लब द्वाराएक इंटैरेक्टिव सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. डिंपल और सुश्री पूजा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के मुख्याध्यापक डॉ अशोक कुमार ने भी अग्रणी भूमिका निभायी। डॉ. डिंपल और सुश्री पूजा, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग, अग्रवाल कॉलेज, बल्लबगढ़ ने हमारे ग्रह के प्राकृतिक वातावरण में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर संक्षेप में बात करके कार्यक्रम का समापन किया। स्वयंसेवकों ने पर्यावरण की रक्षा करने की आवश्यकता का हवाला दिया और वृक्षारोपण, प्लास्टिक का उपयोग बंद करने, पर्यावरण-अनुकूल वस्तुओं का उपयोग करने आदि जैसे विभिन्न कदमों पर चर्चा की। स्वयंसेवकों द्वारा स्कूली छात्रों को पर्यावरण-अनुकूल बैग वितरित किए गए।

कार्यक्रम में युवा प्रतिभागियों में काफी उत्साह देखा गया क्योंकि यह उन सभी के लिए एक समृद्ध अनुभव था। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ समय-समय पर समुदायों को स्थायी तरीके से समाज की रक्षा के लिए नवीनतम पहलों के बारे में शिक्षित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। इस कार्यक्रम में स्वयंसेविका चंचल, ईशा, कशिश और बरखा ने भरपूर सहयोग दिया।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक
सत्यजय टाईम्स
SJT
हिन्दी दैनिक
वर्ष-12, अंक-257 रविवार 17 सितंबर, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण
RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल कॉलेज में मनया गया "विश्व ओजोन दिवस"



बल्लबगढ़, 16 सिंतबर, सत्यजय टाईम्स/रुपेश बंसल। शनिवार को अग्रवाल कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग ने "विश्व ओजोन दिवस" मनाया है। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि छात्रों के बीच ओजोन परत की सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए दो कार्यक्रम "स्लोगन राइटिंग" और "लोगो मेकिंग" आयोजित किए गए।

कार्यक्रम की शुरूआत एमएससी रसायन शास्त्र द्वितीय वर्ष. के विधार्थियो द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका से हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कमल टंडन थीं, जिन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। आयोजनों का निर्णय डॉ. के.एल. कौशिक, डॉ. जयपाल सिंह और डॉ. सारिका कांजलिया द्वारा किया गया। विधार्थियो ने अपने विचारो को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नवनीत एमएससी रसायन प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान निशा एमएससी रसायन द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान पूजा एमएससी रसायन द्वितीय वर्ष और सांत्वना पुरस्कार मंशी एमएससी रसायन द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। लोगो मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सागर तिवारी एमएससी रसायन प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पायल बीएससी एनएम प्रथम वर्ष,तृतीय स्थान रश्मी कुमारी (एम.एससी रसायन द्वितीय वर्ष और सांत्वना पुरस्कार पंकज बीएससी केम ऑनर्स द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। "ओजोन परत रिक्तीकरण" पर एक पोस्टर में डाले गए प्रयासों और रचनात्मक विचारों को देखते हुए, गीतिका (बी.एससी. एनएम प्रथम वर्ष) को एक विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। यह एक आनंदमय कार्यक्रम था। केमिकल सोसायटी के बैनर तले यह आयोजन बेहद सफल रहा। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. प्रियंका सहरावत, डॉ. अर्चना चौहान और रसायन विज्ञान विभाग के अन्य संकाय सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।









# स्लोगन राइटिंग और लोगों मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



स्लोगन राइटिंग और लोगों मेकिंग दिखाते हुए। आज समाज

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लभगढ़ के रसायन विज्ञान विभाग ने प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को विश्व ओजोन दिवस मनाया है। छात्रों के बीच ओजोन परत की सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए दो कार्यक्रम स्लोगन राइटिंग और लोगों मेकिंग आयोजित किए गए। इस प्रतियोगिता में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नवनीत एमएससी रसायन प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान निशा एमएससी रसायन द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान पूजा एमएससी रसायन द्वितीय वर्ष और सांत्वना पुरस्कार मंशी एमएससी रसायन द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया।

लोगों मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सागर तिवारी एमएससी रसायन प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पायल बीएससी एनएम प्रथम वर्ष,तृतीय स्थान रश्मी कुमारी (एम.एससी रसायन द्वितीय वर्ष और सांत्वना पुरस्कार पंकज बीएससी केम ऑनर्स द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। ओजोन परत रिक्तीकरण पर एक पोस्टर में डाले गए प्रयासों और रचनात्मक विचारों को देखते हुए, गीतिका (बीएससी-एनएम प्रथम वर्ष) को एक विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। यह एक आनंदमय कार्यक्रम था। केमिकल सोसायटी के बैनर तले यह आयोजन बेहद सफल रहा। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. प्रियंका सहरावत, डॉ. अर्चना चौहान और रसायन विज्ञान विभाग के अन्य संकाय सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में गणित विभाग के तत्वाधान में श्रीनिवास रामानुजन की विरासत का उत्सव मनाया गया यह उत्सव 18 दिसंबर से 22 दिसंबर 2023 तक जारी रहा स 22 दिसंबर को श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस को "राष्ट्रीय गणित दिवस"के रूप में मनाया जाता है। गणित विभाग अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. के.एल. कौशिक जी ने बताया कि इस गणित सप्ताह को मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को श्रीनिवास रामानुजन की महानता तथा गणित के महत्व को बताना है। इस गणित सप्ताह के दौरान 18 अगस्त 2023 को विद्यार्थियों ने प्रोफेसर दिनेश सिंह (चांसलर के आर मंगलम विश्वविद्यालय गुरुग्राम एवं पूर्व कुलपति दिल्ली विश्वविद्यालय) जी के ऑनलाइन व्याख्यान का लाभ उठाया। इस गणित सप्ताह में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें 18 दिसंबर को पोस्टर मेकिंग 19 दिसंबर को स्लोगन लेखन 20 दिसंबर को अनुच्छेद लेखन तथा 21 दिसंबर को ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 22 दिसंबर को वैदिक गणित पर व्याख्यान तथा लघु फिल्म का आयोजन किया गया। गणित विभाग के प्रवक्ता डॉ. ममता ठाकुर ने वैदिक गणित पर व्याख्यान दिया जो विद्यार्थियों ने बड़े जोश के साथ सुना इस अवसर पर विद्यार्थियों को श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर लघु फिल्म दिखाई गई। विद्यार्थियों ने लघु फिल्म को बहुत उत्साह के साथ देखा। श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर 22 दिसंबर राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर इन प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित किया गया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान कोमल, एमएससी मैथ्स प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान कोमल कीना बीएससी मैथ्स ओनर्स तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान काजल बीएससी मैथ्स ओनर्स तृतीय वर्ष ने प्राप्त किये। स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान रेनू कुमारी एमएससी मैथ्स प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान विशाल गर्ग बीएससी मैथ्स ओनर्स तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान देवेश सहरावत बीएससी मैथ्स ओनर्स तृतीय वर्ष ने प्राप्त किये स अनुच्छेद लेखन में प्रथम स्थान काजल बीएससी मैथ्स ओनर्स तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान राखी खिरवार एमएससी मैथ्स प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान मोहित एमएससी मैथ्स द्वितीय वर्ष ने प्रा प्राप्त किये स ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपक बीएससी मैथ्स ओनर्स तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान यश बीएससी मैथ्स ओनर्स तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान स्नेहा बीएससी मैथ्स ओनर्स प्रथम वर्ष ने प्राप्त किये। कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. ममता ठाकुर तथा श्रीमती दीपांजलि रही। इन गतिविधियों में कुल 85 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गणित विभाग के समस्त प्रवक्ता गण डॉ. नरेश कमरा, श्रीमती नेहा गोयल, डॉ. गीता त्रिपाठी, डॉ. रेणु बाला, पूनम गुप्ता, ललिता, मनीष तथा रामकिशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › एजुकेशन › अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस

एजुकेशन हरियाणा ncr

अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस

By Jantantratoday December 22, 2023 2 0

# GUEST LECTURES AT A SPREE


### महाविद्यालय में राज्य की उत्पत्ति के सिद्धांत विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। राज्य व राज्य की उत्पतति कैसे हुई इसे विद्यार्थी जाने इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दिनांक 28 सितंबर 2023 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा राजनीति शास्त्र फोरम के अंतर्गत राज्य की उत्पतति के सिद्धांत विषय पर अतिथि व्याख्यान कराया गया।

अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी की प्रेरणा से महाविद्यालय में समय-समय पर अनेक कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए कराए जाते हैं।

इसी श्रृंखला में यह व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. रानी सांगवान एसोसिएट प्रोफेसर, सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल द्वारा दिया गया। मुख्य वक्ता का स्वागत राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा डॉ. रितु द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता ने राज्य की उत्पतति, उसकी संरचना व उसके विभिन्न सिद्धांतों की विस्तार से व्याख्या और विवेचना की। उन्होंने बताया कि कैसे ये सिद्धांत सामाजिक संरचना और शक्ति के प्रति हमारे दृष्टिकोण को प्रभावित करते हैं।

व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों के सवालों का संतोषजनक जवाब मुख्य वक्ता ने दिया। यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धनक रहा। इस व्याख्यान से 83 विद्यार्थी लाभनवित हुए।

**ह्यूमन इंडिया दैनिक समाचार पत्र फरीदाबाद में समाचार एवं विज्ञापनों के लिए संपर्क करें :**

**आवश्यक सूचना**

ह्यूमन इंडिया का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नही है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नही करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।



फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे

# SPORTS ACHIEVEMENTS

जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › स्पोर्ट्स › अग्रवाल महाविद्यालय का छात्र शुभम् बीसला बना विश्व चैंपियन

स्पोर्ट्स हरियाणा ncr

## अग्रवाल महाविद्यालय का छात्र शुभम् बीसला बना विश्व चैंपियन

By Jantantratoday July 21, 2023 2 0



अग्रवाल महाविद्यालय का छात्र शुभम् बीसला बना विश्व चौंपियन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के निशानेबाज शुभम् बीसला ने भारत का नेतृत्व करते हुए चंगवों कोरिया में आयोजित वर्ल्ड जूनियर चौंपियनशिप प्रतियोगिता मे 10 मीटर एयर पिस्टल टीम में रजत पदक तथा इंडिविजुअल में गोल्ड मेडल जीत कर सर्वश्रेष्ठ सूटर का खिताब प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 14 जुलाई से 25 जुलाई 2023 तक हुआ ।इसमे लगभग 45 देशों की टीमों ने भाग लिया ।अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेंद्र गुप्ता जी ने विजेता छात्र शुभम् बीसला को महाविद्यालय परिसर में आमंत्रित कर फूल व ढोल से जोरदार स्वागत किया एवं इस महान उपलब्धि के लिए बधाई दी व कहा की शुभम् आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। प्राचार्य जी ने इस अविस्मरणीय जीत के लिए निरंतर मेहनत व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ निश्चय को सफलता का मूल मंत्र बताया, और कहा शुभम् की इस उपलब्धि के लिए उनके कोच राकेश और दीपक को भी इसका श्रेय जाता है।



नेशनल प्रहरी NEWS

निष्पक्ष और निर्भीक खबरों का प्रतीक

-Newspaper -Online Web Portal

होम ताजा देश राज्य राजनीति शिक्षा क्राइम करियर फरीदाबाद – एन सी आर

Home › खेल › अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के छात्र अनमोल जैन ने पिस्टल शूटिंग में फिर...

खेल ताजा बल्लभगढ़ शिक्षा

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के छात्र अनमोल जैन ने पिस्टल शूटिंग में फिर रचा इतिहास

By Poonam Sagar - August 8, 2023 291 0



अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आज दिनांक 29 अगस्त 2023 को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर, जिसे राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है, खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया स महाविद्यालय के शूटर शुभम बीसला जिन्होंने गत 14 से 15 जुलाई 2023 तक चलने वाली वर्ल्ड चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया था को 5100/ रुपए, अनमोल जैन जिन्होंने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स जो 28 जुलाई से 8 अगस्त तक चीन में संपन्न हुए में कांस्य पदक जीता था को 5100/ रुपए और हर्षिता जिन्होंने ऑल इंडिया कराटे चौंपियनशिप जोकि 25 से 26 अगस्त कुरुक्षेत्र हरियाणा में संपन्न हुई में कांस्य पदक प्राप्त किया को 1100/ रूपए के नगद पुरुस्कार से नवाजा गया स इन सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते समय महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि देश के सभी खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद जो हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध रहे हैं के पदचिन्हों पर चलना चाहिए तभी वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता जी हमेशा ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों का मान बढ़ाने व हरसंभव मदद के लिए तैयार रहते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेलकूद संयोजक डॉ. के.एल. कौशिक व महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग प्राध्यापक डॉ. जगबीर सिंह उपस्थित रहे।

## छात्र लक्ष्य केन्द्रित करके उसका अनुसंधान करें

आज दिनांक 20 नवंबर 2023 को अग्रवाल महाविद्यालय में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की दो दिवसीय अंतर्महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ । इस प्रतियोगिता में लगभग 10 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के रिकर्व राउंड के पुरूष वर्ग में जाट महाविद्यालय रोहतक के कृष रोज 641 अंकों के साथ प्रथम स्थान, सैनी महाविद्यालय रोहतक के नितेश 639 अंकों के साथ द्वितीय स्थान, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सागर 632 अंकों के साथ तृतीय स्थान व में जाट महाविद्यालय रोहतक के अमन 621 अंकों के साथ के साथ चौथे स्थान पर रहे।



वहीं रिकर्व राउंड प्रतियोगिता के महिला वर्ग में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की रिया तेवतिया 641 अंकों के साथ प्रथम स्थान, सैनी महाविद्यालय रोहतक की कृतिका 609 अंकों के साथ द्वितीय स्थान, सैनी महाविद्यालय रोहतक की निधि 575 अंकों के साथ तृतीय स्थान व अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की अन्नू सैनी 571 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने विजेता खिलाडियों को बधाई दी और कहा कि खिलाडियों को अर्जुन की तरह मछली की आँख के जैसे अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना है तभी पूर्व में की गई कडी मेहनत रंग लाएगी। कल दिनांक 21 नवम्बर 2023 को इस प्रतियोगिता के अंतिम दिन कम्पाउंड राउंड का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेल–कूद संयोजक डॉ. के.एल. कौशिक, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह, सहायक प्रवक्ता डॉ. जगबीर सिंह, श्री पवन दलाल, महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी व टीम कोच श्री हरकेश उपस्थित रहे।




## महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय योग इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज की पुरुष व महिला टीम न परचम लहराया

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालय योग प्रतियोगिता 20 से 23 नवंबर 2023 को आयोजित हुई। जिसमें पुरुष एवं महिला वर्ग प्रतियोगिता संपन्न हुई। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के योग खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया एवं क्रमेश रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। दोनों टीमों की महाविद्यालय वापसी पर प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों एवं कोच श्याम आर्य का स्वागत एवं सम्मान किया। अधिक जानकारी देते हुए महाविद्यालय के समर्पण योग क्लब के कन्वीनर डॉ.नरेश कामरा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की पुरुष टीम में हर्ष, नितेश, अमित, जितेंद्र, दुष्यंत व रोनित शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की महिला टीम मनीषा गिरी, अंशिका, हर्षिता, बबली, निकिता व मनीषा शामिल रही। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक डॉ जगबीर सिंह ने बताया कि काफी कठिन प्रतियोगिता होने के बावजूद महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरुष प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया एवं महिला वर्ग में का तृतीय स्थान हासिल किया । प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को अब आगे ऑल इंडिया योगा यूनिवर्सिटी में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा महाविद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी इस उपलब्धि पर डॉ.के.एल कौशिक, अन्य प्राध्यापक गण व


जनतंत्र टुडे

HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

स्पोर्ट्स हरियाणा NCR

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय योग इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज की पुरुष व महिला टीम न परचम लहराया

By Jantantratoday November 24, 2023



Vol. 10, Issue 3-4, July-Dec. 2023

## Courses Offered

### Traditional Courses

- B.A.
- B.Com.
- B.Sc. (Non-Med.)

### Self-Finance Courses

- BBA
- BBA (CAM)
- BCA
- B.Com. (CA)
- B.Com. (Hons.)
- B.Sc. (Computer Sc.)
- B.A. (Hons) Economics
- B.Sc. (Hons.) Mathematics
- B.Sc. Non-Med. (Chemistry)
- B.A. (Hons) Chemistry
- B.Sc. (Hons.) Physics
- B.Voc. (Retail Management)
- B.Voc. (Software Development)
- M.A. (Hindi)
- M.A. (English)
- M.A. (Economics)
- M.Sc. (Comp. Sc.)
- M.Sc. (Chemistry)
- M.A./M.Sc. (Maths)
- M.Sc. (Physics)
- M.Com.
- MBA
- MCA

### Add-on Courses

- **Functional English**
- **Accountancy and Tax Procedure**
- **Accounting on Computers**
- **Computer Hardware and Maintenance**
- **Retail Marketing**
- **Web Designing & Office Automation**

## Editorial Board

**Sh. Devender Kumar Gupta**
Chief Patron

**Dr. Krishan Kant**
Patron

**Dr. Ram Chander**
Editor- in- Chief

**Dr. Geeta Gupta**
Associate Editor

**Dr. Sarika Kanjlia**
Associate Editor

**Dr. Pooja Saini**
Associate Editor

**Dr. Shilpa Goel**
Associate Editor

**Sh. Vineet Nagpal**
Associate Editor

**Sh. Shiv Narain**
Logistic Support

**Sh. Saurabh Gupta**
Logistic Support

**Aggarwal College Ballabgarh**

A Co-educational Post Graduate College with Potential for Excellence (CPE) Status by UGC

(NAAC Accredited A++ Grade (CGPA:3.57) , An ISO 9001:2015 and 14001:2015 Certified College)

Affiliated to M.D. University, Rohtak

Wing-1 (Ambedkar Chowk), Wing-II (Milk Plant Road) Ballabgarh,Faridabad (Haryana), India-121004

Phone:+91-129-2308348-50,Fax:+91-129-2300769, E-mail:aggpgcollege@gmail.com,Website: www.aggarwalcollege.ac.in